

## मशहूर हॉलिवुड ऐक्ट्रेस जेन पॉवल का 92 साल की उम्र में निधन

हॉलिवुड की मशहूर ऐक्ट्रेस जेन पॉवल का निधन हो गया है। जेन 92 साल की थीं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, जेन ने गुरुवार को विल्टन में आखिरी सांसें लीं। चालीस और पचास के दशक में जेन ने म्यूजिकल फिल्मों से खूब पॉप्युलैरिटी बटोरी थी। उम्र के कारण वह बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। डॉक्टर्स ने इसे नैचुरल डेथ करार दिया है। रॉयल वेडिंग और सेवन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स जैसी फिल्मों की ऐक्ट्रेस जेन पॉवल ने अपने करियर में कई दिग्गज ऐक्टर्स के साथ काम किया। जेन के परिवार की प्रवक्ता सुजन ग्रैंजर ने ऐक्ट्रेस की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि जेन ने विल्टन में अपने घर में आखिरी सांसें ली हैं। जेन पहली बार चर्चा में तब आई थीं, जब 1951 में उनकी फिल्म रॉयल वेडिंग रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उन्होंने फ्रेड एस्टेयर के साथ जबरदस्त डांस किया था। जेन पॉवल ने राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन के उद्घाटन बॉल में भी गाना गाया था। यही नहीं उन्हें एलिजाबेथ टेलर की पहली शादी में ब्राइड्समेड बनने का भी मौका मिला था। जेन पॉवल सिनेमा के साथ ही अपने स्टेज परफॉर्मेंसेज के लिए खूब पहचानी जाती थीं। हिट रोड प्रोडक्शंस के श्द साउंड ऑफ म्यूजिक, ओक्लाहोमा!, माई फेयर लेडी एंड कैरॉसल जैसी म्यूजिकल फिल्मों में उन्होंने बहुत ही बेहतरीन काम किया।



## आमिर खान ने आइरा के साथ किया डिनर

आमिर खान अपनी बेटी आइरा खान के साथ मुंबई में एक पॉप्युलर रेस्ट्रॉन्ट में डिनर करने गए थे। इसके बाद वह दोनों रेस्ट्रॉन्ट के बाहर नजर आए। आमिर खान ने टी–शर्ट और पैंट पहनी रखी थी। वहीं, आइरा खान ने टॉप और ट्राउजर पहना हुआ था। इसके अलावा दोनों ने मास्क पहना रखा था। दोनों ने पपाराजियों को पोज दिए और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आमिर खान की बेटी आइरा खान ने भले ही फिल्मी दुनिया में कदम न रखा हो लेकिन सोशल मीडिया पर उनका जलवा कायम है। वह आए दिन अपने और बॉयफ्रेंड नुपुर शिखारे के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। आमिर खान और उनकी पहली पत्नी रीना दत्ता की बेटी आइरा खान हैं।

## करीना कपूर का ग्लैमरस अंदाज, तस्वीर शेयर कर बोलीं– मेरा बच्चा कहां है?



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस करीना कपूर खान का अंदाज ही उन्हें बाकी ऐक्ट्रेसस से अलग बनाता है। बीते गुरुवार के दिन करीना को अपने पति सैफ अली खान और दोनों बच्चों जेह और तैमूर के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। अब करीना ने खूबसूरत समुद्र बीच के किनारे बैठकर सेल्फी शेयर की हैं। जिसमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखने लायक है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक सेल्फी शेयर की हैं। जिसमें वह खूबसूरत बीच के किनारे बैठी नजर आ रही हैं। तस्वीर शेयर करते हुए करीना ने कैप्शन में लिखा, स्वीट ड्रीम्स। करीना ने अपनी एक और तस्वीर शेयर की हैं। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरा बच्चा कहां है? करीना कपूर ने अभी तक अपने वेकेशन की खूबसूरत लोकेशन के नाम का खुलासा नहीं किया है।

# गोविंदा की वाइफ ने कश्मीरा शाह को बताया खराब बहू?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच की लड़ाई अब गंभीर रूप ले चुकी है। सुनीता आहूजा ने बीते दिनों कृष्णा के बारे में जो कॉमेंट किया, उसे सुनकर कश्मीरा शाह भड़क गईं। कश्मीरा ने कुछ ऐसा बोल दिया, जिससे सुनीता को गुस्सा आ गया। उन्होंने कश्मीरा को ताना मारते हुए कहा है कि लड़ाइयां तब शुरू होती हैं जब घर में खराब बहू ले आते हैं।*

गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा अभिषेक के बीच सालों से चला आ रहा झगड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। उसी झगड़े के कारण कृष्णा अभिषेक ने द कपिल शर्मा शो के उस एपिसोड से दूरी बना ली थी, जिसमें गोविंदा फैमिली के साथ नजर आने वाले थे। जहां गोविंदा इस पूरे मामले में चुप हैं, वहीं उनकी वाइफ सुनीता आहूजा खूब गुस्सा जाहिर कर रही हैं।

**प्रॉब्लम तब होती है जब घर में खराब बहू आ जाए**

सुनीता आहूजा ने कृष्णा की हरकत देख यह तक कह दिया कि वह ताउम्र उनकी शक्ल नहीं देखना चाहतीं। सुनीता के इस रिऐक्शन पर कश्मीरा शाह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सुनीता कौन है? मैं किसी की पत्नी के रूप में नहीं जानी जाती। इस मुद्दे पर और जानने के लिए जब सुनीता आहूजा से संपर्क किया तो उन्होंने कहा, मैं फालतू चीजों का कोई जवाब नहीं देती। उनका एक मां की तरह ख्याल रखा, परवरिश की, बावजूद इसके वो ऐसा बर्ताव कर रहे हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहती। मेरे पास लाइफ में बहुत काम है।

**जिन्हें फुटेज चाहिए वही करते हैं ऐसे काम**

सुनीता आहूजा ने आगे कहा, मैं अपने पति गोविंदा के काम को हैंडल करती हूं। मैं इन फिजूल की चीजों में नहीं पड़ना चाहती। गोविंदा ने पहले ही वॉर्निंग दे दी है कि घर के किसी भी मैटर को पब्लिक में न लाएं। लेकिन कुछ लोगों को पब्लिसिटी चाहिए और इसलिए वो हमेशा इशू खड़े कर देते हैं। ये सारे इशूज हमेशा कृष्णा की तरफ से ही खड़े होते हैं। हमें फुटेज नहीं चाहिए। जिन लोगों को फुटेज चाहिए, वही ऐसे काम करते हैं। हजार बार ऐसा हुआ है कि उन्होंने सॉरी बोला है और



कई बार मैंने पैच–अप भी किया है। लेकिन बुरी चीजों को हम कब तक नजरअंदाज करेंगे। हमारी भी तो सेल्फ रिस्पेक्ट है।

**कश्मीरा के बर्ताव पर यह बोलीं सुनीता**

वहीं कश्मीरा शाह के बर्ताव के बारे में पूछे जाने पर सुनीता आहूजा बोलीं, पता नहीं लोग क्यों एक मां और एक बेटे के बीच में बोलते हैं। कौन है वो और उसे कौन जानता है? मैं गोविंदा की वाइफ हूं। पिछले 36 साल से हूं और वो अब आई है। हम अपनी लाइफ में बहुत खुश हैं और मैं इतनी बिजी हूं कि ऐसे लोगों की तरफ देखने का वक्त ही नहीं है।

# आप ने हमेशा अपनेपन से हौसला दियाः अक्षय कुमार



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार, 17 सितंबर 2021 को अपना 71वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर राजनीतिक घरानों से लेकर बॉलिवुड तक से कई दिग्गजों ने पीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय कुमार से लेकर अभषिेक बच्चन और रितेश देशमुख से लेकर नेहा धूपिया ने ट्विटर पर तस्वीरों और मैसेजेज के जरिए पीएम मोदी को खास दिन की बधाई दी है।*

## सेलेब्स ने पीएम को दी जन्मदिन की बधाई

अक्षय कुमार ने ट्वीट करते हुए पीएम मोदी का शुक्रिया अदा किया है। अक्षय ने लिखा है, आप ने मुझे हमेशा बहुत अपनेपन से हौसला और आशीर्वाद दिया है। साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री से मोहनलाल जैसे दिग्गजों ने भी पीएम को बधाई दी है।

अक्षय कुमार ने अपने ट्वीट में लिखा है, आप ने मुझे हमेशा बहुत अपनेपन से हौसला और आशीर्वाद दिया है। मैं आप जैसा तो नहीं लिख सकता लेकिन आज आपके जन्मदिन पर आपको दिल से अनेकों बधाई दे रहा हूं नरेंद्र मोदी जी। आप स्वस्थ रहें, खुश रहें, मेरी भगवान से आपके लिए यही कामना है। अभिषेक बच्चन ने ट्वीट करते हुए लिखा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई। आपके उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

रितेश देशमुख ने तिरंगे झंडे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कैरिकेचर पोस्ट किया है। इसके साथ रितेश ने लिखा है, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई। ईश्वर आपको दीर्घायु, खुशी और बेहतरीन स्वास्थ्य दे सर।